75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

www.bankofbaroda.in

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

# 26वीं वार्षिक आम बैठक एवं ई-वोटिंग सूचना के लिए नोटिस

1. बैंक ऑफ़ बड़ौदा आम (शेयर्स एवं बैठक) विनियम, 1998 और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के अनुसरण में एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के शेयरधारकों की 26वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 27 जून 2022 को प्रातः 11.00 बजे वार्षिक आम बैठक की नोटिस में यथा निहित निम्नलिखित कारोबार के संचालन हेतु कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए), भारत सरकार तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन स्वरूप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम (ओएवीएम) द्वारा आयोजित की जाएगी:
   1. 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक के वित्तीय परिणामों को अनुमोदित करना
   2. वित्त वर्ष 2021-22 के लिए लाभांश को अनुमोदित और घोषित करना
2. उपर्युक्त परिपत्रों के अनुपालन में 26वीं वार्षिक आम बैठक हेतु नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियाँ, उन सभी शेयरधारकों जिनके ईमेल पते बैंक/ डिपॉजिटरी प्रतिभागी (गियों) के पास पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं. इसकी प्रति बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** एवं ई-वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध है.
3. जिन शेयरधारकों के पास नियत तारीख को भौतिक अथवा डीमैटरलाइज रूप में बैंक के शेयर हैं वे केफिन टेक्नोलॉजिज लिमिटेड के इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से 26वीं वार्षिक आम बैठक की नोटिस में दर्शाई गई मदों के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकते हैं. ("रिमोट ई-वेटिंग").

एतदद्वारा शेयरधारकों को यह भी सूचित किया जाता है कि:

ए) 26वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में दर्शाई गई कार्यवाही के अनुसार 26वीं वार्षिक आम बैठक संबंधी रिमोट ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से संचालित की जाएगी;

बी) 26वीं वार्षिक आम बैठक और लाभांश भुगतान के उद्देश्य से शेयरधारकों का रजिस्टर एवं बैंक का शेयर अंतरण रजिस्टर मंगलवार, दिनांक 21 जून, 2022 से सोमवार, दिनांक 27 जून, 2022 (दोनों दिनों को शामिल करते हुए) तक बंद रहेंगे. जिन शेयरधारकों के पास नियत तारीख सोमवार, दिनांक 20 जून, 2022 तक शेयर धारित होंगे, वे लाभांश के लिए पात्र होंगे. आयकर दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश भुगतान पर लागू कर की कटौती की जाएगी.

सी) रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया दिनांक 23 जून, 2022 को प्रातः 9:00 बजे भारतीय समय के अनुसार आरंभ होगी और दिनांक 26 जून, 2022 को शाम 5.00 बजे समाप्त हो जाएगी;

डी) 26वीं वार्षिक आम बैठक में रिमोट ई-वोटिंग अथवा ई-वोटिंग प्रणाली द्वारा वोट करने संबंधी पात्रता के निर्धारण हेतु नियत तारीख दिनांक 20 जून 2022 होगी;

ई) दिनांक 26 जून, 2022 को भारतीय समय के अनुसार अपराह्न 05:00 बजे रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल डिसेबल हो जाएगा.

एफ़) कोई भी ऐसा व्यक्ति जो 26वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना भेजने के बाद बैंक का शेयर लेता है और सदस्य बनता है तथा नियत तारीख अर्थात् 20 जून, 2022 को शेयर धारण करता है, वे अपना लॉगिन आईडी और पासवर्ड evoting@kfintech.com को अनुरोध भेजकर प्राप्त कर सकते हैं. हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई-वोटिंग हेतु 'केफिन टेक्नोलॉजिज लिमिटेड के साथ पंजीकृत है तो मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड की सहायता से अपना वोट दे सकते हैं.

जी) शेयरधारक कृपया नोट करें कि:

i. 26वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान भी वोट देने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और जो शेयरधारक 26वीं वार्षिक आम बैठक में वीसी सुविधा के माध्यम से उपस्थित हैं तथा संकल्प के संबंध में यदि रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट नहीं दिया है तथा ऐसा करने से उन्हें अन्यथा प्रतिबंधित नहीं किया गया है, वे 26वीं वार्षिक आम बैठक में ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से वोट डालने के लिए पात्र होंगे;

ii. जिन शेयरधारक सदस्यों ने 26वीं वार्षिक आम बैठक से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दे दिया है, वे भी इस बैठक में भाग ले सकते हैं परंतु 26वीं वार्षिक आम बैठक में पुनः वोट देने के लिए पात्र नहीं होंगे; और

iii. केवल ऐसे व्यक्ति जिनके नाम नियत तारीख को सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा रखे जाने वाले लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज हों, 26वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के लिए पात्र होंगे.

एच) डीमैटरलाइज, भौतिक मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों और ऐसे शेयरधारकों जिन्होंने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, के लिए रिमोट पद्धति से वोट डालने की प्रक्रिया 26वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना में उपलब्ध कराई गई है. यह विवरण बैंक की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाएगा. सदस्यों से अनुरोध है कि ऐसे विवरण की जानकारी हेतु **www.bankofbaroda.in** को देखें.

आई) जिन शेयरधारक ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी (गियों) के पास अपना ई-मेल पता दर्ज कराएं और ऐसे सदस्य जिनके पास भौतिक रूप से शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि अपने ईमेल के पते को बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीस लिमिटेड के ई-मेल आईडी einward.ris@kfintech.com पर अद्यतन कराएं ताकि उन्हें 26वीं वार्षिक आम बैठक की नोटिस के साथ वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 की प्रतियाँ, रिमोट ई-वोटिंग संबंधी निर्देश और वीसी/ ओएवीएम के जरिए 26वीं वार्षिक आम बैठक में भाग लेने संबंधी निर्देश प्राप्त हो सकें.

जे) रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित पूछताछ के लिए सदस्य, सदस्यों के लिए केफिन टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) तथा ई-वोटिंग यूजर मैन्युअल का संदर्भ ले सकते हैं अथवा श्री एस.वी. राजू, उप महाप्रबंधक, केफिन टेक्नोलॉजिज लिमिटेड, (यूनिट: बैंक ऑफ़ बड़ौदा), सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गच्चीबॉवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500 032 से ई-मेल v-raju.sv@kfintech.com, फोन नं. 1-800-309-4001 (टोल फ्री) पर संपर्क कर सकते हैं.

4. रिमोट ई-वेटिंग एवं बैठक के दौरान हुई वोटिंग का समग्र परिणाम 26वीं वार्षिक आम बैठक के 2 कार्यदिवसों के अंदर बैंक की वेबसाइट, केफिन की वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा और इसे स्टॉक एक्सचेंज को भी सूचित किया जाएगा.
5. ऐसे सदस्य जिन्हें वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल होने के लिए तकनीकी सहायता की आवश्यकता हो, हेल्पलाइन नंबर 1-800-309-4001 पर संपर्क कर सकते हैं.
6. वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 और 26वीं वार्षिक आम बैठक की नोटिस **https://www.bankofbaroda.in/-/media/project/bob/countrywebsites/india/pdfs/mig0622/ar2021-22-02-08.pdf** पर उपलब्ध है.

**कृते बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**संजीव चड्ढा**
**प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी**

**स्थानः मुंबई**
**दिनांकः 04.06.2022**

39/22-23